[redacted]

**Series : SQRP1**

**SET~1**

प्रश्न-पत्र कोड
**Q.P. Code** **59/1/1**

रोल नं.
**Roll No.** | | | | | | | | |

परीक्षार्थी प्रश्न-पत्र कोड को उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर अवश्य लिखें ।
Candidates must write the Q.P. Code on the title page of the answer-book.

[redacted]

# राजनीति विज्ञान
# POLITICAL SCIENCE

*निर्धारित समय : 3 घण्टे*
*Time allowed : 3 hours*

*अधिकतम अंक : 80*
*Maximum Marks : 80*

{}

[redacted]

*सामान्य निर्देश :*

*निम्नलिखित निर्देशों को ध्यानपूर्वक पढ़िए और उनका पालन कीजिए :*

*(i)* *इस प्रश्न-पत्र में* **30** *प्रश्न हैं ।* **सभी** *प्रश्न अनिवार्य हैं ।*

*(ii)* *प्रश्न-पत्र* **पाँच** *खण्डों में विभाजित है – खण्ड* **क, ख, ग, घ** *एवं* **ङ** *।*

*(iii)* ***खण्ड-क :*** *प्रश्न संख्या* **1** *से* **12** *तक बहुविकल्पीय प्रकार के प्रश्न हैं । प्रत्येक प्रश्न* **1** *अंक का है ।*

*(iv)* ***खण्ड-ख :*** *प्रश्न संख्या* **13** *से* **18** *तक लघु-उत्तरीय प्रकार के प्रश्न हैं । प्रत्येक प्रश्न* **2** *अंकों का है । प्रत्येक प्रश्न का उत्तर* **50** *से* **60** *शब्दों में लिखिए ।*

*(v)* ***खण्ड-ग :*** *प्रश्न संख्या* **19** *से* **23** *तक दीर्घ-उत्तरीय प्रकार –I के प्रश्न हैं । प्रत्येक प्रश्न* **4** *अंकों का है । प्रत्येक प्रश्न का उत्तर* **100** *से* **120** *शब्दों में लिखिए ।*

*(vi)* ***खण्ड-घ :*** *प्रश्न संख्या* **24** *से* **26** *अवतरण, कार्टून/चित्र तथा मानचित्र-आधारित प्रश्न हैं । प्रत्येक प्रश्न का उत्तर यथानुसार लिखिए ।*

*(vii)* ***खण्ड-ङ :*** *प्रश्न संख्या* **27** *से* **30** *तक दीर्घ-उत्तरीय प्रकार –II के प्रश्न हैं । प्रत्येक प्रश्न* **6** *अंकों का है । प्रत्येक प्रश्न का उत्तर* **170** *से* **180** *शब्दों में लिखिए ।*

*(viii)* *प्रश्न-पत्र में कोई समग्र विकल्प नहीं है । यद्यपि कुछ प्रश्नों में आंतरिक विकल्प का प्रावधान दिया गया है । इन प्रश्नों में से केवल* **एक** *ही प्रश्न का उत्तर लिखा जाए ।*

*(ix)* *इसके अतिरिक्त, ध्यान दें कि दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों के लिए फोटो तथा मानचित्र आदि आधारित प्रश्नों के स्थान पर एक अन्य प्रश्न दिया गया है । इन प्रश्नों के उत्तर केवल दृष्टिबाधित परीक्षार्थी ही लिखें ।*

{ } [redacted]

## *GENERAL INSTRUCTIONS :*

***Read the following instructions very carefully and follow them :***

*(i)* *This question paper contains **30** questions. **All** questions are **compulsory**.*

*(ii)* *Question paper is divided into **five** sections – **Sections A, B, C, D** and **E.***

*(iii)* ***Section A** – question numbers **1** to **12** are Multiple Choice type questions. Each question carries **1** mark.*

*(iv)* ***Section B** – question numbers **13** to **18** are Short Answer type questions. Each question carries **2** marks. Write answer to each question in **50** to **60** words.*

*(v)* ***Section C** – question numbers **19** to **23** are Long Answer Type-I questions. Each question carries **4** marks. Write answer to each question in **100** to **120** words.*

*(vi)* ***Section D** – question numbers **24** to **26** are Passage, Cartoon/Picture and Map-based questions. Answer each question accordingly.*

*(vii)* ***Section E** – question numbers **27** to **30** are Long Answer Type-II questions. Each question carries **6** marks. Write answer to each question in **170** to **180** words.*

*(viii)* *There is no overall choice in the question paper. However, an internal choice has been provided in few questions. Only **one** of the choices in such questions has to be attempted.*

*(ix)* *In addition to this, NOTE that a separate question has been provided for Visually Impaired Candidates in lieu of questions having visual inputs, Map etc. Such questions are to be attempted by Visually Impaired Candidates only.*

[redacted]

## खण्ड – क

**12 × 1 = 12**

1. नीचे दो कथन दिए गए हैं : **1**

**कथन I :** आर्थिक विकास के लिए चीन द्वारा अपनायी गयी आर्थिक नीतियों ने इसकी अर्थव्यवस्था की जड़ता को तोड़ने में सहायता प्रदान की ।

**कथन II :** चीन के आर्थिक विकास ने पर्यावरण निम्नीकरण और भ्रष्टाचार को बढ़ावा दिया ।

उपर्युक्त कथनों के संदर्भ में, नीचे दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर चुनिए :

(A) कथन I और कथन II दोनों सत्य हैं ।

(B) कथन I और कथन II दोनों असत्य हैं ।

(C) कथन I सत्य है, परंतु कथन II असत्य है ।

(D) कथन I असत्य है, परंतु कथन II सत्य है ।

2. निम्नलिखित में से कौन से कारण के फलस्वरूप 1952 में आंध्र राज्य का गठन हुआ ? **1**

(A) औपनिवेशिक शासन की समाप्ति के बाद भारतीय राज्यों की आंतरिक सीमाओं के पुनर्निर्धारण की आवश्यकता को महसूस करना ।

(B) 1920 के नागपुर अधिवेशन में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस ने यह मान लिया था कि आजादी के बाद राज्यों का पुनर्गठन भाषा के आधार पर किया जायेगा ।

(C) कांग्रेस नेता, पोट्टी श्रीरामुलु की मृत्यु, जिसके कारण व्यापक अव्यवस्था फैली और विरोध में मद्रास के कई विधायकों ने त्यागपत्र दिया ।

(D) पुराने मद्रास राज्य के तमिल बोलने वाले लोगों ने भाषा के आधार पर राज्य के पुनर्सीमांकन की माँग की ।

{}

[redacted]

## SECTION – A

**12 × 1 = 12**

1. Given below are two statements : **1**

   **Statement-I :** The economic policies implemented by China helped to break the stagnation of its economy.

   **Statement-II :** Economic development of China also increased environmental degradation and corruption.

   In the light of above statements, choose the correct answer from the options given below :

   (A) Both Statement-I and Statement-II are true.

   (B) Both Statement-I and Statement-II are false.

   (C) Statement-I is true, but Statement-II is false.

   (D) Statement-I is false, but Statement-II is true.

2. Which one of the following is the reason that led to the formation of Andhra state in 1952 ? **1**

   (A) Realising the need to reorganise the internal boundaries of Indian states at the end of colonial rule.

   (B) Reorganisation of the Indian National Congress on the basis of linguistic principle after Nagpur session in 1920.

   (C) Death of the Congress leader, Potti Sriramulu which caused great unrest and led to resignation of several legislators of Madras in protest.

   (D) The Tamil speaking people of old Madras province demanding the reorganisation of state on the basis of language.

{}

[redacted]

3. चीन द्वारा अपने आर्थिक संकट के समाधान के लिये कौन सा उपाय अपनाया गया ? 1

(A) सोवियत संघ की तरह, चीन ने 'शॉक थेरेपी' को अपनाया ।

(B) विश्व के अधिकांश विकासशील देशों के साथ संबंध बनाकर चीन ने अपने आर्थिक एकांतवास को समाप्त किया ।

(C) अपनी अर्थव्यवस्था के विकास के लिये चीन ने चरणबद्ध तरीके से निजीकरण के लिए अपनी अर्थव्यवस्था को खोला ।

(D) चीन ने आयात की अपेक्षा निर्यात को अधिक बढ़ावा दिया ।

4. 'आया राम गया राम' के जुमले से संबंधित राज्य की पहचान कीजिए । 1

(A) उत्तर प्रदेश (B) मध्य प्रदेश

(C) हरियाणा (D) राजस्थान

5. नीचे दो कथन दिए गए हैं – जिनमें एक को अभिकथन (A) तथा दूसरे को कारण (R) द्वारा अंकित किया गया है । इन कथनों को ध्यान से पढ़िए और नीचे दिए गए विकल्पों (A), (B), (C) और (D) में से उत्तर के रूप में सही विकल्प चुनिए । 1

**अभिकथन (A) :** पूरे विश्व में पुराने 'कल्याणकारी राज्य' को अधिक महत्व दिया जा रहा है ।

**कारण (R)** : वैश्वीकरण के कारण राज्य के लोक कल्याणकारी कार्यों की भूमिका में कमी आयी है और बाज़ार, आर्थिक और सामाजिक प्राथमिकताओं का प्रमुख निर्धारक बन गया है ।

**विकल्प :**

(A) अभिकथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं और कारण (R) अभिकथन (A) की सही व्याख्या करता है ।

(B) अभिकथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं, परंतु कारण (R) अभिकथन (A) की सही व्याख्या नहीं करता है ।

(C) अभिकथन (A) गलत है, परंतु कारण (R) सही है ।

(D) अभिकथन (A) सही है, परंतु कारण (R) गलत है ।

{}

[redacted]

3. Which measure was adopted by China to solve its economic crisis ? **1**

   (A) Like USSR, China also followed 'Shock Therapy'.

   (B) China ended its economic isolation with the establishment of relations with most of the developing countries of the World.

   (C) China opened its economy for privatisation step by step for the development of its economy.

   (D) Chine focused more on export as compared to import.

4. Identify the State with which the phrase 'Aaya Ram, Gaya Ram' is related to. **1**

   (A) Uttar Pradesh (B) Madhya Pradesh

   (C) Haryana (D) Rajasthan

5. Given below are two statements marked as Assertion (A) and Reason (R). Read these statements carefully and choose the correct answer from the options (A), (B), (C) and (D) given below : **1**

   **Assertion (A) :** All over the world, the old 'welfare state' is getting more importance.

   **Reason (R) :** Due to globalisation, the state withdraws from many of its earlier welfare functions and the market has become the prime determinant of economic and social priorities.

   **Options :**

   (A) Both the Assertion (A) and the Reason (R) are true and Reason (R) is the correct explanation of the Assertion (A).

   (B) Both the Assertion (A) and the Reason (R) are true, but the Reason (R) is not the correct explanation of the Assertion (A).

   (C) Assertion (A) is false, but Reason (R) is true.

   (D) Assertion (A) is true, but Reason (R) is false.

{} [redacted]

6. देसी रियासतों के विषय में निम्नलिखित में से कौन सा कथन असत्य है ? **1**

(A) देसी रियासतों पर राजाओं का शासन था ।

(B) ब्रिटिश राज की समाप्ति के बाद समस्त देसी रियासतों ने भारत में शामिल होना स्वीकार कर लिया था ।

(C) देसी रियासतों के राजाओं ने ब्रिटिश की सर्वोच्च सत्ता को स्वीकार कर लिया था और इसके अंतर्गत वे अपने राज्य के घरेलू मामलों का शासन चलाते थे ।

(D) ब्रिटिश सत्ता की समाप्ति के बाद देसी रियासतें भारत या पाकिस्तान में शामिल होने या अपनी स्वतन्त्र हैसियत बनाए रखने के लिए आजाद थीं ।

7. सूची-I का सूची-II से सही मिलान कीजिए और दिए गए कोड से उत्तर का सही विकल्प चुनिए : **1**

| | **सूची-I** | | **सूची-II** |
|---|---|---|---|
| (a) | मानवाधिकारों का हनन | (i) | ब्रिटेन |
| (b) | 'मैड-काऊ' बीमारी | (ii) | केमिकल वेपन्स कनवेन्शन |
| (c) | निःशस्त्रीकरण संधि | (iii) | अमरीका का वर्ल्ड ट्रेड सेंटर |
| (d) | 9/11 का आतंकी हमला | (iv) | कुवैत पर इराक का हमला |

**कोड :**

(A) (a) – (iv), (b) – (i), (c) – (ii), (d) – (iii)

(B) (a) – (iv), (b) – (iii), (c) – (ii), (d) – (i)

(C) (a) – (ii), (b) – (i), (c) – (iv), (d) – (iii)

(D) (a) – (i), (b) – (ii), (c) – (iii), (d) – (iv)

{} [redacted]

6. Which one of the following statements is NOT correct about the princely states ? **1**

   (A) Princely states were ruled by the princes.

   (B) All the princely states had accepted to be an integral part of India after the end of British rule.

   (C) The princes of princely states accepted British supremacy and enjoyed some form of control over their internal affairs.

   (D) After the end of British paramountcy, the provinces were free to join either India or Pakistan or remain independent.

7. Match List-I with List-II correctly and choose the correct answer from the codes given below : **1**

| | **List-I** | | **List-II** |
|---|---|---|---|
| (a) | Violation of Human Rights | (i) | Britain |
| (b) | 'Mad-Cow' disease | (ii) | Chemical weapons convention |
| (c) | Disarmament Treaty | (iii) | World Trade Centre in America |
| (d) | 9/11 terrorist attack | (iv) | Iraq's invasion of Kuwait |

**Codes :**

(A) (a) – (iv), (b) – (i), (c) – (ii), (d) – (iii)

(B) (a) – (iv), (b) – (iii), (c) – (ii), (d) – (i)

(C) (a) – (ii), (b) – (i), (c) – (iv), (d) – (iii)

(D) (a) – (i), (b) – (ii), (c) – (iii), (d) – (iv)

{}
[redacted]

8. निम्नलिखित घटनाओं को कालक्रमानुसार व्यवस्थित कीजिए : 1

(i) पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की हत्या ।

(ii) केंद्र में प्रथम गैर-कांग्रेसी गठबंधन सरकार का गठन ।

(iii) 16वाँ लोकसभा चुनाव ।

(iv) मंडल आयोग द्वारा अपनी सिफारिशें प्रस्तुत की गईं ।

सही विकल्प चुनिए :

(A) (ii), (iii), (i), (iv) (B) (i), (iv), (iii), (ii)
(C) (iv), (ii), (i), (iii) (D) (iii), (i), (ii), (iv)

9. 'प्रिवी पर्स' को समाप्त करने वाले प्रधानमंत्री का नाम चुनिए । 1

(A) मोरारजी देसाई (B) लाल बहादुर शास्त्री

(C) राजीव गाँधी (D) इंदिरा गाँधी

10. उस कथन को चुनिए जो वैश्वीकरण की अवधारणा को सर्वश्रेष्ठ तरीके से व्यक्त करता है । 1

(A) विश्व के देशों के बीच वस्तुओं, पूँजी, व्यक्तियों और विचारों की आवाजाही के कारण तीव्र एकीकरण या पारस्परिक निर्भरता की बढ़ती प्रक्रिया ।

(B) राजनीतिक क्षेत्र में वैश्वीकरण ने राज्य की क्षमताओं को बढ़ाया है ।

(C) वैश्वीकरण ने उपभोक्ताओं को सीमित विकल्पों में से चुनने की स्वतंत्रता प्रदान की है ।

(D) वैश्वीकरण ने व्यक्तियों को रोज़गार के विभिन्न अवसर कम किए हैं ।

11. उस पार्टी की पहचान कीजिए जिसकी 2009 से 2019 तक के आम चुनावों में लोक सभा सीटों में लगातार बढ़ोतरी हुई । 1

(A) भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस (आई एन सी)

(B) भारतीय जनता पार्टी (बी जे पी)

(C) शिव सेना (एस एस)

(D) कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ इंडिया (सी पी आई)

{}

[redacted]

8. Arrange the following events in chronological order : **1**

   (i) Assassination of former Prime Minister Rajiv Gandhi.

   (ii) Formation of the First Non-Congress coalition government at the centre.

   (iii) Sixteenth Lok Sabha elections.

   (iv) The Mandal Commission gave its recommendations.

   Choose the correct option :

   (A) (ii), (iii), (i), (iv) (B) (i), (iv), (iii), (ii)

   (C) (iv), (ii), (i), (iii) (D) (iii), (i), (ii), (iv)

9. Choose the name of the Prime Minister who abolished 'Privy Purse'. **1**

   (A) Morarji Desai (B) Lal Bahadur Shastri

   (C) Rajiv Gandhi (D) Indira Gandhi

10. Choose the statement that best describes the concept of globalisation. **1**

   (A) The process of rapid integration or inter-connection among countries of the world through the flow of goods, capital, people and ideas.

   (B) Globalisation has increased states capabilities in the political field.

   (C) Globalisation has given freedom to consumers to choose from limited alternatives.

   (D) Globalisation has reduced the various opportunities of employment to the people.

11. Identify the political party which has had a continuous growth in its Lok Sabha seats in the General Elections from 2009 to 2019. **1**

   (A) Indian National Congress (INC)

   (B) Bharatiya Janata Party (BJP)

   (C) Shiv Sena (SS)

   (D) Communist Party of India (CPI)

[redacted]

12. परमाणु अप्रसार सन्धि का संबंध है – **1**

    (A) परमाणु ऊर्जा के शांतिपूर्ण प्रयोग से ।

    (B) परमाणु हथियारों के प्रसार से ।

    (C) परमाणु संलयन का विकास ।

    (D) परमाणु हथियारों के ज़खीरे में कमी करना ।

**खण्ड – ख** **6 × 2 = 12**

13. योजना आयोग की स्थापना के किन्हीं दो उद्देश्यों को उजागर कीजिए । **2 × 1 = 2**

14. दक्षिण एशियाई क्षेत्र की भौगोलिक विशिष्टता किस प्रकार इसके सांस्कृतिक अनूठेपन को निर्धारित करती है ? स्पष्ट कीजिए । **2**

15. पर्यावरणीय निम्नीकरण के लिए उत्तरदायी किन्हीं दो मानवीय क्रियाओं को स्पष्ट कीजिए । **2 × 1 = 2**

16. किन आधारों पर वैश्वीकरण को एक बहु-आयामी अवधारणा माना जा सकता है ? उदाहरण सहित व्याख्या कीजिए । **2**

17. प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री के कार्यकाल में भारत के समक्ष की किन्हीं दो चुनौतियों का वर्णन कीजिए । **2 × 1 = 2**

18. "1980 के दशक में विभिन्न क्षेत्रीय आकांक्षाओं की माँगें राष्ट्र–निर्माण की दिशा में एक कदम थीं ।" तर्क देकर कथन की पुष्टि कीजिए । **2 × 1 = 2**

12. Nuclear non-proliferation Treaty refers to : **1**

    (A) Peaceful use of nuclear energy

    (B) Spread of nuclear weapons

    (C) Development of nuclear fusion

    (D) Reduction of nuclear weapons stockpiles

## SECTION – B $6 \times 2 = 12$

13. Highlight any two objectives of establishing Planning Commission. $2 \times 1 = 2$

14. How does the natural insularity of South Asian region determine its cultural distinctiveness ? Explain. **2**

15. Explain any two human activities responsible for degradation of environment. $2 \times 1 = 2$

16. On what grounds can globalisation be considered a multi-dimensional concepts ? Explain with example. **2**

17. Describe any two challenges faced by India during the term of Prime Minister Lal Bahadur Shastri. $2 \times 1 = 2$

18. "The demands of various regional aspirations during 1980s was a step towards nation building." Support the statement with argument. $2 \times 1 = 2$

[redacted]

## खण्ड – ग

**5 × 4 = 20**

19. समाजवादी पार्टी और कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ इंडिया की विचारधारा में कोई दो अंतर उजागर कीजिए । **2 × 2 = 4**

20. विभिन्न देशों द्वारा अपनी राष्ट्रीय सुरक्षा को बनाए रखने के लिए प्रयोग किए जा सकने वाले किन्हीं दो पारम्परिक उपायों को उजागर कीजिए । **2 × 2 = 4**

21. पर्यावरण की सुरक्षा के प्रति जागरूकता फैलाने के लिए पूरे विश्व में की गयी किन्हीं चार पहलों का वर्णन कीजिए । **4**

22. (a) "भारत ने क्षेत्रीय आकांक्षाओं की अभिव्यक्ति को राष्ट्रीय एकता मजबूत करने के रूप में स्वीकार किया है ।" इस कथन के पक्ष में दो उदाहरण दीजिए । **2 × 2 = 4**

**अथवा**

(b) क्या आप सहमत हैं कि असम समझौता राज्य में शांति और स्थिरता लाने में सफल रहा ? अपने उत्तर के पक्ष में कोई दो तर्क दीजिए । **4**

23. (a) दक्षिण–पूर्वी एशियाई देशों में शांति को बढ़ावा देने की अनूठी पहल के रूप में 'आसियान शैली' का विश्लेषण कीजिए । **2 × 2 = 4**

**अथवा**

(b) अपनी आर्थिक प्रगति की वृद्धि में 'आसियान सुरक्षा समुदाय' के योगदान का निर्धारण कीजिए । **4**

[redacted]

## SECTION – C $5 \times 4 = 20$

19. Highlight any two differences between the ideologies of Socialist party and Communist party of India. **$2 \times 2 = 4$**

20. Highlight any two traditional measures which may be used by different countries to maintain their national security. **$2 \times 2 = 4$**

21. Describe any four initiatives taken across the world to create awareness about the protection of the environment. **4**

22. (a) "India has accepted expressions of regional aspirations to strengthen the national integrity." Support the statement with two examples. **$2 \times 2 = 4$**

**OR**

(b) Do you agree that the Assam accord was successful in establishing peace and stability in the State ? Support your answer with any two arguments. **4**

23. (a) Analyse the 'ASEAN way' as a unique initiative of promoting peace in South-east Asian Countries. **$2 \times 2 = 4$**

**OR**

(b) Determine the contribution of 'ASEAN security community' in its promotion of economic progress. **4**

[redacted]

## खण्ड – घ

$3 \times 4 = 12$

24. निम्नलिखित अवतरण को ध्यानपूर्वक पढ़िए और इस पर आधारित प्रश्नों के उत्तर लिखिए : $4 \times 1 = 4$

दक्षेस (साउथ एशियन एसोसिएसन फॉर रीजनल को-ऑपरेशन (SAARC)) दक्षिण एशियाई देशों द्वारा बहुस्तरीय साधनों से आपस में सहयोग करने की दिशा में उठाया गया बड़ा कदम है । इसकी शुरुआत 1985 में हुई । दुर्भाग्य से विभेदों की मौजूदगी के कारण दक्षेस को ज्यादा सफलता नहीं मिली । दक्षेस के सदस्य देशों ने सन् 2002 में दक्षिण एशियाई मुक्त व्यापार-क्षेत्र समझौते (SAFTA) पर दस्तखत किये । जिसमें पूरे दक्षिण एशिया के लिए मुक्त व्यापार क्षेत्र बनाने का वादा है ।

(i) निम्नलिखित में से कौन सा दक्षिण एशियाई देश दक्षेस का संस्थापक देश नहीं है ?

(A) नेपाल
(B) भूटान
(C) अफगानिस्तान
(D) बांग्लादेश

(ii) कौन सी बाहरी ताकत दक्षिण एशियाई देशों पर सर्वाधिक प्रभाव डालती है ?

(A) संयुक्त राज्य अमरीका
(B) रूस
(C) फ्रांस
(D) ब्रिटेन

(iii) दक्षिण एशियाई क्षेत्रीय सहयोग संगठन (सार्क) का प्रमुख उद्देश्य क्या है ?

(A) विश्व में समकालीन सत्ता का केन्द्र बनना ।
(B) अपने आर्थिक विकास के लिए क्षेत्रीय संगठन की एक साझी मुद्रा स्थापित करना ।
(C) बाहरी ताकतों के हस्तक्षेप के बिना क्षेत्रीय संघर्षों का समाधान करना ।
(D) सदस्य देशों के आर्थिक विकास, सामाजिक प्रगति और सांस्कृतिक विकास के लिए बहुस्तरीय माध्यमों से सहयोग करना ।

[redacted]

## SECTION – D

**3 × 4 = 12**

24. Read the passage given below carefully and answer the questions that follow : **4 × 1 = 4**

The South Asian Association for Regional Co-operation (SAARC) is a major regional initiative by the South Asian states to evolve co-operation through multilateral means. It began in 1985. Unfortunately due to persisting political differences, SAARC has not had much success. SAARC members signed the South Asian Free Trade Agreement (SAFTA) in 2002 which promised the formation of a free trade zone for the whole of South Asia.

(i) Which one of the following South Asian countries is not a founder member of South Asian Association for Regional Co-operation (SAARC) ?

(A) Nepal (B) Bhutan

(C) Afghanistan (D) Bangladesh

(ii) The external power that affects the South Asian Countries the most is :

(A) United States of America (B) Russia

(C) France (D) Britain

(iii) The major objective of South Asian Association for Regional Co-operation is –

(A) to become a contemporary centre of power in the World.

(B) to establish a common currency for the regional organisation for its economic development.

(C) to solve all regional conflicts without interference of external powers.

(D) to co-operate member states for economic growth, social progress and cultural development through multilateral means.

(iv) निम्नलिखित में से कौन सा उद्देश्य दक्षिण एशियाई मुक्त व्यापार समझौते (साफ्टा) का मुख्य उद्देश्य नहीं है ?

(A) सार्क देशों के लिए साझी मुद्रा स्थापित करना ।

(B) आपसी व्यापार और आर्थिक सहयोग का प्रसार करना और बढ़ावा देना ।

(C) सीमा-शुल्क और गैर-शुल्क बाधाओं को कम करना ।

(D) सदस्य देशों के मध्य एक मुक्त व्यापार का क्षेत्र बनाना ।

25. नीचे दिए गए कार्टून का अध्ययन कीजिए और इस पर आधारित प्रश्नों के उत्तर दीजिए : **1 + 1 + 2 = 4**

[redacted]

(i) कार्टून में राजा से बात कर रहे नेता का नाम लिखिए । **1**

(ii) एक गरीब आदमी की पीठ पर बैठा शासक क्या दर्शाता है ? **1**

(iii) कार्टून द्वारा क्या संदेश दिया गया है ? **2**

**नोट : निम्नलिखित प्रश्न केवल दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों के लिए प्रश्न संख्या 25 के स्थान पर हैं : 1 + 1 + 2 = 4**

(i) 14-15 अगस्त 1947 की मध्यरात्रि को जवाहर लाल नेहरू द्वारा दिए गये भाषण का नाम लिखिए । **1**

(ii) भारत के प्रथम उप-प्रधानमंत्री का नाम लिखिए । **1**

(iii) द्वि-राष्ट्र के सिद्धान्त की व्याख्या कीजिए । **2**

(iv) Which one of the following is NOT a core objective of South Asian Free Trade Agreement (SAFTA) ?

(A) To establish a common currency for SAARC nations.

(B) To promote and enhance mutual trade and economic co-operation.

(C) To reduce custom duties and non-tariff barriers.

(D) To create a free trade area among member states.

25. Study the given cartoon carefully and answer the questions that follow : **1 + 1 + 2 = 4**

[redacted]

(i) Name the leader talking to the Prince in this cartoon. **1**

(ii) What does the Prince sitting on the back of a poor man indicate ? **1**

(iii) What message is being conveyed by the cartoon ? **2**

**Note : The following questions are only for the Visually Impaired Candidates in lieu of question number 25 :** **1 + 1 + 2 = 4**

(i) Name the speech given by Jawaharlal Nehru at the hour of midnight on 14-15 August 1947. **1**

(ii) Name the first Deputy Prime Minister of India. **1**

(iii) Explain the two nation theory. **2**

{} [redacted]

26. भारत के दिए गए राजनीतिक रेखा–मानचित्र में चार राज्यों को A, B, C और D के रूप में अंकित किया गया है । नीचे दी गयी जानकारी के आधार पर इन राज्यों की पहचान कीजिए और अपनी उत्तर–पुस्तिका में इनके सही नाम, प्रयोग की गई जानकारी की क्रम संख्या तथा मानचित्र में दिया गया संबंधित अक्षर, नीचे दी गई तालिका के रूप में लिखिए : **4 × 1 = 4**

(i) छात्र आंदोलन से संबंधित राज्य जिसने 1974 में महँगाई और भ्रष्टाचार का विरोध किया ।

(ii) किसान नेता चौधरी चरण सिंह से संबंधित राज्य

(iii) कांग्रेस के नेता जगजीवन राम से संबंधित राज्य

(iv) ऐसा राज्य जहाँ 1977 के चुनाव में कांग्रेस को एक भी लोकसभा सीट नहीं मिली

| प्रयोग की गई जानकारी की क्रम संख्या | मानचित्र में दिया गया संबंधित अक्षर | राज्य का नाम |
|---|---|---|
| (i) | | |
| (ii) | | |
| (iii) | | |
| (iv) | | |

[redacted]

**नोट : निम्नलिखित प्रश्न केवल दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों के लिए प्रश्न संख्या 26 के स्थान पर हैं :** **4 × 1 = 4**

(i) जनता पार्टी की सरकार के प्रथम प्रधानमंत्री का नाम लिखिए ।

(ii) भारत में इंदिरा गाँधी सरकार द्वारा किस वर्ष राष्ट्रीय आपातकाल लगाया गया था ?

(iii) आपातकाल की घोषणा से पूर्व राम लीला मैदान में राष्ट्रव्यापी सत्याग्रह की घोषणा करने वाले नेता का नाम लिखिए ।

(iv) उस पार्टी का नाम लिखिए जिसने 1977 का लोक सभा चुनाव जीता ।

{} [redacted]

26. In the given political outline map of India, four states have been marked as A, B, C and D. Identify these on the basis of the information given below and write their correct names in your answer book along with their respective serial number of the information used and the concerned alphabet as per format that follows : **4 × 1 = 4**

(i) The state related to student movement against inflation and corruption in 1974.

(ii) The state related to the farmer's leader Chaudhary Charan Singh.

(iii) The state related to Congress leader Jag Jeevan Ram.

(iv) The state where Congress could not win even a single Lok Sabha seat in 1977 elections.

| **Sr. No. of the information used** | **Concerned alphabet in the map** | **Name of the state** |
|---|---|---|
| (i) | | |
| (ii) | | |
| (iii) | | |
| (iv) | | |

[redacted]

**Note :** **The following questions are only for the Visually Impaired Candidates in lieu of question number 26 :** **4 × 1 = 4**

(i) Write the name of first Prime Minister of Janta Party Government.

(ii) In which year, was the National Emergency imposed in India by Indira Gandhi government ?

(iii) Name the leader who announced a nationwide Satyagraha at Ram Lila Maidan before the declaration of National Emergency.

(iv) Name the political party that won the Lok Sabha Election in 1977.

[redacted]

## खण्ड – ङ

4 × 6 = 24

27. (a) संयुक्त राष्ट्र संघ के किन्हीं तीन अंगों की संरचना और उनके एक-एक कार्य को स्पष्ट कीजिए । 3 + 3 = 6

अथवा

(b) संयुक्त राष्ट्र संघ की किन्हीं तीन एजेंसियों के नाम लिखकर उनके एक-एक कार्य की व्याख्या कीजिए । 3 + 3 = 6

28. (a) सोवियत संघ के विघटन के किन्हीं तीन कारणों का विश्लेषण कीजिए । 3 × 2 = 6

अथवा

(b) शॉक थेरेपी के किन्हीं तीन परिणामों की परख कीजिए । 3 × 2 = 6

29. (a) "भारत की विदेश नीति अपने 'राष्ट्रीय हितों' की रक्षा में सफल रही है ।" कथन के पक्ष में तीन तर्क दीजिए । 3 × 2 = 6

अथवा

(b) "भारत की विदेश नीति भारतीय संविधान के अनुच्छेद 51 में वर्णित अंतर्राष्ट्रीय शांति और स्थिरता के सिद्धान्तों के अनुरूप है ।" तीन उदाहरणों से इस कथन को सही ठहराइये । 3 × 2 = 6

30. (a) 1989 के पश्चात् केंद्र में गठबंधन की सरकारों के उदय के लिए उत्तरदायी किन्हीं चार कारकों का वर्णन कीजिए । 4 × 1½ = 6

अथवा

(b) ऐसे किन्हीं चार मुद्दों का वर्णन कीजिए जिन पर अधिकांश राजनीतिक पार्टियों के बीच एक व्यापक सहमति दिखाई देती है । 4 × 1½ = 6

## SECTION – E  **4 × 6 = 24**

27. (a) Explain the composition and one function of any three organs of the United Nations. **3 + 3 = 6**

**OR**

(b) Name any three agencies of the United Nations and explain one function of each. **3 + 3 = 6**

28. (a) Analyse any three reasons for the disintegration of the Soviet Union. **3 × 2 = 6**

**OR**

(b) Examine any three consequences of the Shock therapy. **3 × 2 = 6**

29. (a) "India's Foreign Policy has been successful in saving its 'National Interests'." Support the statement with three arguments. **3 × 2 = 6**

**OR**

(b) "India's Foreign Policy is as per the principles of International Peace and Security as laid down in Article 51 of the Indian Constitution." Justify the statement with three examples. **3 × 2 = 6**

30. (a) Describe any four factors responsible for the rise of coalition governments at the centre after the year 1989. **4 × 1½ = 6**

**OR**

(b) Describe any four issues on which a broad agreement has emerged among most political parties. **4 × 1½ = 6**